# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2019

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2019

**(ANNUAL / वार्षिक)**

# GEOGRAPHY

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 70

Biharboardquestionpaper.com

SECTION-A

प्रश्न संख्या 1 से 35 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें।

1. निम्नलिखित में से भारत में पुरुष प्रवास का प्रमुख कारण कौन-सा है ?

(a) विवाह

(b) शिक्षा

(c) काम और रोजगार

(d) व्यवसाय

2. निम्नलिखित में कौन-सी खाद्य फसल है ?

(a) गन्ना

(b) कॉफी

(c) मक्का

(d) चुकन्दर

3. निम्नलिखित में कौन सा भू उपयोग संवर्ग नहीं है ?

(a) परती भूमि

(b) निवल बोया क्षेत्र

(c) सीमांत भूमि

(d) कृषि योग्य व्यर्थ भूमिः

4. निम्नलिखित राज्यों में से किसमें प्रमुख तेल क्षेत्र स्थित है ?

(a) राजस्थान

(b) असम

(c) बिहार

(d) तमिलनाडु

5. खट्टे रसदार फलों की कृषि सम्बन्धित है

(a) मिश्रित कृषि से

(b) सघन कृषि से

(c) भूमध्यसागरीय कृषि से

(d) रोपण कृषि से

6. विश्व के प्रमुख समुद्री पत्तन निम्नलिखित में किस प्रकार के हैं ?

(a) नौसेना पत्तन

(b) तेल पत्तन

(c) विस्तृत पत्तन

(d) औद्योगिक पत्तन

BiharboardQuestionpaper.com

7. आई. टी. डी. पी. है

(a) समन्वित पर्यटन विकास प्रोग्राम

(b) समन्वित जनजातिय विकास प्रोग्राम

(c) समन्वित यात्रा विकास प्रोग्राम

(d) समन्वित परिवहन विकास प्रोग्राम

8. निम्न में से किस अर्थव्यवस्था में उत्पादन का स्वामित्व व्यक्तिगत होता है ?

(a) समाजवादी

(b) पूँजीवादी

(c) मिश्रित

(d) इनमें से कोई नहीं

9. निम्नलिखित में से कौन-सी रोपण फसल नहीं है ?

(a) कॉफी

(b) गेहूँ

(c) गन्ना

(d) स्वर

10. भिलाई किस वर्ग का है ?

(a) औद्योगिक नगर

(b) व्यापारिक नगर

(c) खनन नगर

(d) परिवहन नगर

BiharboardQuestionpaper.com

11. निम्नांकित में कौन तृतीय आर्थिक क्रियाकलाप है ?

(a) खेती

(b) व्यापार

(c) बुनाई

(d) आखेट

12. ट्रान्स महाद्वीपीय स्टुअर्ट महामार्ग जोड़ता है

(a) वैंकूवर को सेंट जॉन्स से

(b) चेंगडू को ल्हासा से

(c) एडमोन्टन को एनकोरेज से

(d) डार्विन को मेलबर्न से

13. निम्नलिखित केन्द्रशासित प्रदेशों में किसकी साक्षरता दर उच्चतम है ?

(a) चंडीगढ़

(b) अंडमान और निकोबार

(c) दमन और दीव

(d) लक्षद्वीप

14. सिंचित क्षेत्रों में मृदा निम्नीकरण का मुख्य कारण है

(a) वायु अपरदन

(b) अवनालिक अपरदन

(c) सिल्ट का जमाव

(d) मृदा लवणता

Biharboardquestionpaper.com

15. मानव विकास सूचकांक में विश्व के निम्नलिखित देशों में से किसकी कोटि उच्चतम है?

(a) नर्वे

(b) ऑस्ट्रेलिया

(c) नीदरलैंड

(d) स्विट्जरलैंड

16. सलेम इस्पात उद्योग है.

(a) तमिलनाडु में

(b) कर्नाटक में

(c) आन्ध्र प्रदेश में

(d) महाराष्ट्र में

17. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का जनसंख्या घनत्व था

(a) 382 व्यक्ति/ वर्ग किमी.

(b) 282 व्यक्ति / वर्ग किमी.

(c) 402 व्यक्ति/ वर्ग किमी.

(d) 328 व्यक्ति / वर्ग किमी॰

18. निम्नलिखित में कौन-सा भारत का सबसे लम्बा राष्ट्रीय महामार्ग है ?

(a) एन. एच. 8

(b) एन. एच. 44

(c) एन. एच. 6

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

19. निम्नलिखित में से सर्वाधिक प्रदूषित नदी कौन-सी है ?

(a) सतलज

(b) गोदावरी

(c) ब्रह्मपुत्र

(d) यमुना

20. निम्नलिखित दक्षिण अमेरिकी देशों में कौन ओपेक (OPEC) का सदस्य है ?

(a) चिली

(b) ब्राजील

(c) पेरु

(d) वेनेजुएला

21. निम्नलिखित में से कौन-सा जल जन्य है ?

(a) श्वसन संक्रमण

(b) नेत्रश्लेष्मलाशोथ

(c) अतिसार

(d) श्वासनलीशोथ

22. पनामा नहर जोड़ती है।

(a) प्रशान्त महासागार को हिन्द महासागर से

(b) कैरीबियन सागर को मैक्सिकों की खाड़ी से

(c) प्रशान्त महासागर को अटलांटिक महासागर से

(d) अटलांटिक महासागर को हिन्द महासागर

BiharboardQuestionpaper.com

23. निम्नलिखित राज्यों में किसका (0-6 आयु वर्ग में लिंगानुपात निम्नवत है ?

(a) हरियाणा

(b) गुजरात

(c) पंजाब

(d) हिमाचल प्रदेश

24. सहकारी कृषि अधिक सफल रही है।

(a) रूस में

(b) नर्क में

(c) नीदरलैंड में

(d) भारत में

25. निम्नलिखित में से कौन-सा उद्योग दूसरे उद्योगों के लिए कच्चा माल तैयार करता है?"

(a) आधारभूत उद्योग

(b) कुटीर उद्योग

(c) स्वच्छंद उद्योग

(d) लघु उद्योग

26. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र सघन जनसंख्या वाला है ?

(a) दक्षिण-पूर्वी एशिया

(b) भूमध्यरेखीय प्रदेश

(c) ध्रुवीय प्रदेश

(d) मरुस्थलीय क्षेत्र

BiharboardQuestionpaper.com

27. डॉ. महबूब -उल-हक मूल निवासी थे

(a) भारत

(b) पाकिस्तान

(c) अफगानिस्तान

(d) इराक

28. उदयपुर किस राज्य में स्थित है ?

(a) गुजरात में

(b) पंजाब में

(c) हरियाणा में

(d) राजस्थान में

29. यूरोपवासियों द्वारा अपने उपनिवेशों में किस प्रकार की कृषि का विकास किया गया था ?

(a) मिल्पा

(b) रोपण कृषि

(c) मिश्रित कृषि

(d) अंगूर की खेती

30. दो देशों के मध्य व्यापार कहलाता है.

(a) अंतर्देशीय व्यापार

(b) बाह्य व्यापार

(c) स्थानीय व्यापार

(d) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

BiharboardQuestionpaper.com

31. जनसंख्या वृद्धि दर सर्वाधिक है

(a) अफ्रीका में

(b) एशिया में

(c) उत्तरी अमेरिका में

(d) दक्षिण अमेरिका में

32. निम्नलिखित में से कौन-सा नगर नदी के तट पर अवस्थित नहीं है ?

(a) आगरा

(b) कोलकाता

(c) पटना

(d) भोपाल

33. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के किस राज्य में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक था ?

(a) तमिलनाडु

(b) गोवा

(c) महराष्ट्र

(d) केरल

34. निम्नलिखित में कौन औद्योगिक अवस्थापना का प्रमुख कारक नहीं है ?.

(a) बाजार

(b) पूँजी

(c) जनसंख्या घनत्व

(d) ऊर्जा

BiharboardQuestionpaper.com

35. किसी झील के चारों ओर बसा अधिवास किस प्रतिरूप में आयेगा ?

(a) आयताकार

(b) अरीय

(c) वृताकार

(d) तारा

## SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 18 तक लघु उत्तरीय कोटि के प्रश्न हैं। इस कोटि के प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। आप किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दें।

1. मानव भूगोल को परिभाषित कीजिए।
2. कुटीर उद्योग एवं लघु उद्योग में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
3. जल परिवहन के क्या लाभ हैं ?
4. मानव विकास के दो मूलभूत क्षेत्र कौन-से हैं ?
5. चार तृतीयक आर्थिक क्रियाकलापों का उल्लेख कीजिए।
6. रोपण कृषि की किन्हीं चार फसलों के नाम लिखिए।
7. आकार के आधार पर नगरीय बस्तियों को वर्गीकृत करें।
8. वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों का उल्लेख करें।
9. स्वेज नहर किन दो निकटवर्ती पत्तनों को जोड़ती है ?
10. भारत में घटते शिशु लिंगानुपात के दो कारण बताइए।
11. भारत में किन्हीं दो व्यावसायिक संवर्गों का उल्लेख करें।
12. स्वामित्व के आधार पर उद्योगों को वर्गीकृत करें।
13. भारत के चार मध्यकालीन शहरों के नाम लिखें।
14. सतत पोषणीय विकास की संकल्पना को परिभाषित करें।

BiharboardQuestionpaper.com

15. निवल बोया गया क्षेत्र तथा सकल बोया गया क्षेत्र में अन्तर स्पष्ट करें।

16. स्वर्णिम चतुर्भुज राजमार्ग पर टिप्पणी लिखिए।

17. गुजरात के चार प्रमुख सूती वस्त्र उद्योग केन्द्रों के नाम लिखें।

18. 'संचार' से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न संख्या 19 से 24 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इस कोटि के प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। किन्हीं 3 प्रश्नों का उत्तर दें।

19. गहन निर्वाह संक्रमण सिद्धांत की विवेचना कीजिए।

20. जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की विवेचना कीजिए।

21. विकासशील देशों में नगरीय बस्तियों की समस्याओं की विवेचना कीजिए।

22. भारत में सूती वस्त्र उद्योग के विकास और वितरण का वर्णन कीजिए।

23. भारत में चाय के उत्पादन एवं वितरण का विवरण दीजिए।

24. भारत का मानचित्र बनाइए और निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(A) चेन्नई

(B) कन्याकुमारी

(C) पटना

(D) सूरत

(E) मुम्बई ।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..